卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 275 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦12 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## उफनाई नदी में गिरी पर्यटकों की कार, एक शव बरामद, दो लापता

कोटद्वार (उद ब्यूरो)। भारी बारिश के बीच मंगलवार की रात एक और भीषण हादसा हो गया। दुगड्डा की ओर से कोटद्वार आ रही एक कार सड़क पर कीचड़ होने के कारण अनियंत्रित होकर उफनती खोह नदी में जा गिरी। कार में पांच लोग सवार थे। हादसे के बाद से चार लोग लापता थे जबकि एक व्यक्ति कार से छिटककर घायल हो गया था। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और एसडीआरएफ मौके पर पहुंच गई है।



एसडीआरएफ की टीम ने सर्च अभियान चलाकर इशरार पुत्र सुके निवासी ग्राम बनेड़ा बिजनौर, उत्तर प्रदेश का शव बरामद किया है। वहीं, एक व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला है। जबकि दो लोग अभी भी लापता हैं।प्राप्त जानकारी के मुताबिक यूपी के बिजनौर जिले के भनेड़ा और मेनन शादाद गांव के पांच लोग एक कार में सवार होकर लैंसडौन घूमने आए थे। मंगलवार रात करीब आठ बजे वे दुगड्डा से कोटद्वार लौट रहे थे कि सिद्धबली (शेष पृष्ठ सात पर)

## केन्द्र सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया सत्याग्रह

देहरादून(उद संवाददाता)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को भारी वबारिश बीच गांधी पार्क में मौन सत्याग्रह किया। मौन सत्याग्रह में कांग्रेस व पार्टी के सभी फ्रंटल संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरना स्थल पर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, सह प्रभारी और संयोजक दीपिका पांडे, पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी आदि सहित सैकड़ों कांग्रेसी मौन सत्याग्रह पर बैठे। भारी बारिश के से बचने के लिए कांग्रेसियों ने टेंट लगाया है। कांग्रेस (शेष पृष्ठ सात पर)



गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## सिपाही की मौत के मामले में स्वीमिंग पूल स्वामी के खिलाफ केस दर्ज

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बीते माह स्वीमिंग पूल में नहाने के दौरान सिपाही की हुई मौत के मामले में मृतक सिपाही की पत्नी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने स्वीमिंग पुल स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। आरोप है कि सिपाही की मौत तरणताल में में सुरक्षा इंतजाम नहीं होने की वजह से हुयी है। बता दें 10 जून को उत्तराखण्ड पुलिस के आरक्षी धीरज भंडारी निवासी कैंचीधाम कालोनी धरमपुर की सप्तऋषि तरण ताल में नहाने के दौरान मौत हो गयी थी। सिपाही धीरज भंडारी पत्नी और बच्चों के साथ तरण ताल में गये थे इसी दौरान उनका अचानक निधन हो गया। मृतक सिपाही की पत्नी भावना भंडारी भी उत्तराखण्ड पुलिस में कांस्टेबल है। भावना ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 10 जून को गर्मी अधिक होने के कारण पति धीरज भण्डारी उसे और बच्चों को सुबह करीब 9 बजे सप्तऋषि तरणताल ले गये। पति वयस्कों के लिए बने स्वीमिंग पूल पर नहा रहे थे तभी अचानक वह गायब हो गये। जब वह चिल्लाई तो वहां मौजूद चार कर्मचारी आये और उन्होनें तालाब में ढूंढा तो पति डूबे हुए मिले। उन्हें निजी अस्पताल(शेष पृष्ठ सात पर)

## दुःस्साहसः दिनदहाड़े घर में घुसी लुटेरी महिला, तोड़ा लॉकर

### घर में मौजूद वृद्धा पर हथौड़े से हमला, जीन्स-टॉप पहन मुंह पर कपड़ा लपेटे घर में घुसी थी महिला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिन-दहाड़े घर में घुस कर महिला द्वारा अलमारी का लॉकर तोड़ने का मामला सामने आया है। घर में दूसरे कमरे में मौजूद वृद्धा महिला द्वारा जब इसका विरोध किया तो लुटेरी महिला द्वारा हथौड़ी से उस पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार दीपक भटिया पुत्र स्व0 रामचन्द्र भाटिया अपने परिवार के साथ आवास विकास स्थित ई0डब्लू0एस0- ए-351 में रहते है। रोजना की तरह वह कल अपनी ड्यूटी पर गये हुये थे। उनकी माता श्रीमती पूनम



भाटिया व उनका 5 वर्षीय पुत्र अविराज भाटिया घर में मौजूद था। कल प्रातः करीब आठ बजे उनकी माता को दूसरे कमरे से कुछ आवाज सुनाई दी तो वह उस कमरे पहुंची तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गई। जीन्स-टॉप पहने और मुंह पर चुन्नी बांधे महिला हथौड़ी सहित अन्य सामान से उनकी सेफ का लॉकर तोड़ने का प्रयास कर रही थी। यह नजारा देख जब वह उक्त लुटेरी महिला के पास पहुंची तो लुटेली महिला ने उसकी वृद्धा मॉ पर हथौड़ी से हमला बोल दिया। यही नही उसके द्वारा उसकी मॉ का रस्सी से गला दबाने का भी प्रयास किया। इसी बीच उसकी मॉ द्वारा शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर होता देख उक्त लुटेरी महिला वहां से खिसक गई। वृद्धा पूनम भाटिया को कई गंभीर चोटे भी लगी है। दीपक ने बताया कि लुटेरी (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक ने फंदे से लटक कर दी जान

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। ग्रामसभा टैगोर नगर निवासी 30 वर्षीय



दिनेश पुत्र धीरेंद्र बाईन ने मंगलवार को अज्ञात कारणों के चलते गमछे से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार दिनेश रात को खाना खाकर कमरे में चला गया था। (शेष पृष्ठ सात पर)

## समस्याओं की अनदेखी के खिलाफ फूटा गुस्सा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वार्ड नंबर एक में स्थित विभिन्न कालोनियों में सड़क और नाली निर्माण नहीं होने से परेशान महिलाओं ने कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने वार्ड के पार्षद के खिलाफ भी जमकर भड़ास निकाली। विरोध प्रदर्शन करने पहुंची महिलाओं ने अपना आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि वार्ड में सड़क और नाली निर्माण नहीं होने से भारी जलभराव हो रहा है जिसके चलते लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़



रहा है। कालोनियों में गंदगी का अम्बार है। जिससे बिमारियां फैलने की आशंका है। महिलाओं ने कहा कि वार्ड के पार्षद ने वार्ड में कोई काम नहीं करवाया है। 5 साल पूरे होने को हैं लेकिन कॉलोनियों में सड़क, नाली लाइट का कोई प्रबंध नहीं है। बारिश के चलते इन दिनों हालात बदतर हो चुके हैं। खस्ताहाल सड़कों पर आने जाने वाले लोग घायल होते रहते हैं। कई जगहों पर तो इतना पानी है कि कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। समस्याओं को लेकर पार्षद का रवैया एकदम(शेष पृष्ठ सात पर)

## सामिया प्रबंधन के खिलाफ धोखाधड़ी का एक और मुकदमा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। काशीपुर रोड स्थित सामिया बिल्डर प्रबंधन पर धोखाधड़ी का एक और केस दर्ज हुआ है। आरोप है कि सौदा करने के बाद प्रबंधन ने पैसा हड़प लिया और फ्लैट भी नहीं दिया। पैसे वापस मांगने पर धमकियां दी गयी। देव होम्स बिगवाड़ा निवासी धर्मानंद बलोदी पुत्र स्व० तारा दत्त बलोदी की ओर से दी गयी तहरीर में कहा गया कि सामिया इंटरनेशनल बिल्डर्स प्रा०लि० की शाखा रुद्रपुर के प्रबंधक सगीर खान से एक फ्लैट गुलमोहर-5 क्रय करने हेतु 6,75,000 रूपये में सौदा तय हुआ था । सगीर खान द्वारा गुलमोहर-5 में 01 फ्लैट दिखाया गया। 15 फरवरी 2014 को प्रथम किश्त के रूप में 6,959 रूपये का भुगतान सामिया इंटरनेशनल बिल्डर्स प्रा०लि०की शाखा रुद्रपुर को किया गया। इसके पश्चात नियमित किश्तों का भुगतान करता रहा । 18 फरवरी 2018 को सामिया इंटरनेशनल बिल्डर्स प्रा०लि० के प्रबंधक सगीर खान के मध्य फ्लैट क्रय करने हेतु अनुबंध किया गया, इसके पश्चात वर्ष 2021 तक प्रतिमाह किश्तों का भुगतान करता रहा। कुल 3,50,993 रूपये का भुगतान फ्लैट क्रय करने हेतु सामिया लेक सिटी (शेष पृष्ठ सात पर)

# लगातार बारिश और भूस्खलन से 341 सड़कें बंद

देहरादून। उत्तराखंड के आठ जिलों में बुधवार को भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, अन्य पांच जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया। मौसम विभाग ने चमोली, पौड़ी, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चम्पावत, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर में बारिश का रेड अलर्ट और उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, टिहरी, देहरादून, हरिद्वार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, सभी जिलों में बिजली चमकने और तेज गर्जना के साथ कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश की संभावना है। प्रदेश में भारी बारिश के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन और बरसाती गदेरों के ऊफान पर आने से सड़कें लगातार बंद हो रही हैं। बीते 24 घंटे में कुल 341 सड़कें बंद हुई हैं। इनमें से 193 सड़कें एक दिन पहले से बंद थीं, जबकि 148 सड़कें सोमवार को बंद हुईं। रविवार देर शाम तक 68 सड़कों को खोला जा सका था,



जबकि 273 सड़कें अब भी बंद हैं। प्रदेश में टिहरी-घनसाली-तिलवाड़ा मोटर मार्ग, मयाली-गुप्तकाशी मोटर मार्ग, लबंगांव- कोटालगांव-घनसाली-तिलवाड़ा, बांसबाड़ा-मोहनखाल मोटर मार्ग, घट्टूगाड़-रिखणीखाल-बीरोंखाल मोटर मार्ग, सिलक्यारा-वनगांव-सरोट मोटर मार्ग, मीनस अटाल, सहिया-क्वानू, चकराता-लाखामंडल, दारागाड़-कथियान सहित कुल 26 राज्य मार्ग बंद हैं। एक दिन पहले इनकी संख्या 14 थी। इससे यात्री जगह-जगह फंसे हुए बताए जा रहे हैं। कई लोग वैकल्पिक मार्गों के जरिये अपने गणतव्य तक पहुंचे। इधर, सरकार ने लोगों को भारी बारिश के दौरान पहाड़ों की यात्रा न करने की सलाह दी है। प्रमुख अभियंता लोनिवि दीपक यादव ने बताया कि प्रदेश में मंगवार देर शाम तक 273 सड़कें बंद थीं, जिन्हें खोलने के लिए मौके पर जेसीबी, पोकलेन, चेन डोजर आदि मशीनों को लगाया गया है। बंद सड़कों में 26 स्टेट हाईवे सहित 10 मुख्य जिला मार्ग, छह जिला मार्ग, 116 ग्रामीण सड़कें और 115 पीएमजी एसवाई की सड़कें शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को सड़कों को खोलने के काम में 244 जेसीबी मशीनों को लगाया गया है।

## सीएम ने देहरादून में बरसात से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया

देहरादून( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में बरसात से प्रभावित क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। आई.एस.बी.टी में सड़क पर हुए जलभराव को लेकर उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि जलभराव के कारणों की जांच की जाए एवं जो भी अधिकारी इसमें दोषी पाये जाते हैं, उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने इसके बाद चन्द्रबनी का स्थलीय निरीक्षण किया। चन्द्रबनी स्थित एक कॉलोनी में जंगल से पानी आने की वजह से जल भराव की स्थिति आई। मुख्यमंत्री ने



जिलाधिकारी देहरादून को निर्देश दिये कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त गढ़वाल श्री विनय शंकर पाण्डेय, जिलाधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

## महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी नियन्त्रण के निर्देश

देहरादून( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में बैठक लेकर महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी



नियन्त्रण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में सही तथ्यों से आम जनता को अवगत कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों में समय पर सजा मिले इसके लिए ऐसे प्रकरणों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के अधीन लाये जाने की व्यवस्था पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने अभियोजन विभाग की मजबूती हेतु अन्य राज्यों की व्यवस्थाओं का भी अध्ययन करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं से संबंधित अपराधों में पुलिस जांच त्वरित और समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाए। ऐसे मामलों की विवेचना में किसी प्रकार की कमी न रहने पाए। साथ ही न्यायालयों में भी प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए। ताकि अपराधी किसी दशा में बचने न पाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों के प्रति अपराध को रोकने के लिए जन सहभागिता जरूरी है। इस संबंध में महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े संगठनों से नियमित संपर्क रखा जाए। सिस्टम इस प्रकार का हो कि महिलाओं का इसके प्रति विश्वास बढ़े और वे अपनी शिकायतें बिना संकोच के दर्ज करा सकें। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक कुमार, सचिव मुख्यमंत्री श्री विनय शंकर पाण्डे, अपर सचिव न्याय श्री सुधीर कुमार सिंह, सहित पुलिस एवं गृह विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## बड़े नालों की सफाई के लिए नगर निगम ने चलाया अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बारिश में हो रहे जलभराव से लोगों को निजात दिलाने के लिए नगर निगम प्रशासन अलर्ट है। मेयर के निर्देश पर महानगर में 25 बड़े नालों की तली झाड़ सफाई के लिए महाअभियान चलाया जा रहा है। मेयर रामपाल सिंह ने इस अभियान की खुद मानीटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जलभराव से निपटने के लिए नगर निगम प्रशासन मानसून से पहले ही तैयारी में जुटा था। कई प्रमुख नालों की सफाई पूर्व में कराई जा चुकी है। अब 25 बड़े नालों की सफाई के लिए महा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में कई जेसीबी मशीनों के साथ नगर निगम के कर्मचारी युद्ध स्तर पर जुटे हैं। मेयर ने बताया कि बालाजी द्वार से लेकर सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल तक बरसात में जलभराव के कारण पानी जमा हो जाता है। दोनों तरफ बड़े नालों की तली झाड़ सफाई की जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न वार्डों में स्थित नालों को भी साफ किया जा रहा है ताकि लोगों को जलभराव



का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि नगर निगम की तैयारी के चलते इस बार बारिश में होने से जलभराव से काफी हद तक राहत मिली है। कल्याणी नदी की पूर्व में सफाई करायी गयी थी जिसके चलते इस बार अभी तक कल्याणी नदी से कोई नुकसान नहीं हुआ है। नगर निगम का प्रयास है कि बारिश से किसी को नुकसान न हो। मेयर ने मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए निचले इलाकों और नदी नालों के आस पास रह रहे लोगों से सतर्क रहने की अपील भी की है।

## अघोषित बिजली कटौती समाप्त न होने पर होगा आंदोलनः सुमित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। घंटो अघोषित विद्युत कटौती को तत्काल समाप्त नहीं किया गया तो कांग्रेस व्यापक आंदोलन शुरू कर देगी। जारी एक बयान में विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि नगर में कल रात कई घंटों तक बिजली की कटौती हुई। जिसके बाद उन्होंने देर रात बिजली विभाग के अधिकारियों से फोन पर वार्ता की तो उन्होंने बताया कि यह बिजली कटौती मुख्यालय से ही की जा रही हैं। सुमित ने कहा कि राज्य सरकार का वित्तीय नियोजन, प्रबंधन बिल्कुल शून्य हैं। सरकार के पास बिजली खरीदने का भी पैसा नहीं हैं। विधायक निधि जो कि मार्च माह में आनी थी वो अब जा कर जुलाई माह में आई हैं तो इससे साफ प्रतीत हो रहा है कि सरकार वित्तीय प्रबंधन को अंधेरे की तरफ धकेल रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सिर्फ नारा देती है सबका साथ-सबका विकास लेकिन धरातल पर विकास गायब हैं। भाजपा सरकार केवल धार्मिक



उन्मात फैला कर राज कर रही है। ना तो इनका विकास के प्रति कोई नियोजन हैं ना कोई संवेदनशीलता हैं और ना आम जनमानस की परेशानी की कोई चिंता हैं। आज तक महंगाई, बेरोजगारी, नशे के खि्लाफ भी राज्य सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए। सुमित ने कहा उनकी स्व.माताजी डॉ.श्रीमती इंदिरा हृदयेश भी यहाँ काबिना मंत्री रही तब हल्द्वानी में 24 घंटे बिजली रहती थी और आज दुर्भाग्यपूर्ण विषय हैं कि कांग्रेस की सरकार राज्य में नहीं हैं। अगर सरकार होती तो हल्द्वानी में एक मिनट की भी बिजली कटौती नहीं होती। उन्होंने कहा वह अपना विरोध राज्य सरकार और विभाग दोनों के प्रति दर्ज कराते हैं और उनकी यह माँग हैं कि हल्द्वानी कुमाऊँ का प्रवेश द्वार हैं कुमाऊँ की आर्थिक राजधानी हैं और सबसे महत्वपूर्ण शहर इस कुमाऊँ का हैं। मुख्यमंत्री तुरंत घोषणा करे की अब हल्द्वानी में बिजली कटौती बिलकुल नहीं होगी वरना कांग्रेस पार्टी के समस्त कार्यकर्ता, विधायकगण मिलकर एक भारी विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## भाजपा की बैठक में बनाई जनसंपर्क अभियान की रूपरेखा

खटीमा (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक नौसर मण्डल में जेके पब्लिक स्कूल में सम्पन्न हुई, बैठक में भारतीए जानता पार्टी के महाजनसंपर्क आभियान की सफलता को लेकर एवं आगामी लोक



सभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई ।भारतीए जानता पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्त्ता एवम पन्ना प्रमुख की लोकसभा चुनाव में उपयोगिता एवं महत्त्व को बताया। बैठक की अध्यक्षता नौसर मण्डल अध्यक्ष सोमनाथ मौर्या ने की, बैठक को सम्बोधित करते हुए पदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी रामू भैया ने कहा की भारतीय जानता पार्टी के लिए बड़े एवम छोटे कार्यकर्ताओं मे कोइ फर्क नही है पार्टी का संघटन का हर कार्यकर्त्ता पार्टी के लिए महत्त्वपूर्ण है, आगामी लोक सभा चुनाव में सभी कार्यकर्त्ता एकजुट होकर भारतीए जानता पार्टी के प्रत्याशी को जिताएंगे। नगर अध्यक्ष जीवन धामी ने कहा की पदेश सरकार की योजनाएं जन जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी पार्टी कार्यकर्ताओं की है, मुख्य्मंत्री पुष्कर सिंह धामी आपने गृह नगर खटीमा के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रहे है। नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने कहा की लोक सभा एवम नगर पालिका चुनावो के लिए पार्टी कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार है।बैठक में नौसर मंडल महामंत्री मनोहर चुफाल, बीजेपी नेता भवानी भंडारी, राहुल चौहान, यूवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल पटेल प्रमोद राणा, मलकीत राणा, सूरज मौर्य, मातलुब इकरार आदि कार्यकर्ता मोजूद थे।

## सड़क निर्माण के लिए दर्जनों ग्रामीणों ने तहसील में किया प्रदर्शन

गदरपुर( उद संवाददाता)। झगड़पुरी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शराफत अली मंसूरी के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपकर सड़क निर्माण की मांग की। ज्ञापन में बताया कि झगड़पुरी एनएच 74 से लेकर चुनपुरी आवाद नगर तक लगभग 4 किलोमीटर तक सड़क अत्यंत जर्जर है इस सड़क में बड़े-बड़े खड्डे बन गई हैं जिससे ग्राम को आवागमन में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पढ़ रहा है इसी रास्ते में पड़ने वाले गांव की एक बेटी ने कक्षा 12वीं में उत्तराखंड में 15 वा स्थान हासिल किया था ऐसे मेधावी बच्चों का मार्ग खराब होने की वजह से आवाजाही मैं काफी दिक्कतें पड़ रही है स्कूल बस भी ऐसी सड़कों पर आना नहीं चाहती। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से जिलाधिकारी से मांग की है कि जल्द से जल्द रोड को बनवाया जाए ।इस मौके पर दर्जनों पुरुष महिलाएं मौजूद रहे।



आवश्यकता है
रुद्रपुर के एक कंप्यूटर कोचिंग सेंटर में छात्रों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु एक सुयोग्य प्रशिक्षित, महिला प्रशिक्षक की आवश्यकता है।
योग्यता:- स्नातक एवं कंप्यूटर बेसिक ज्ञान या कंप्यूटर स्नातक।
वेतन- योग्यतानुसार।
वाट्सएप पर विवरण प्रेषित करें
9411216425, 8755555881

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# भाजपा सरकार में सड़कों की हालत बेहद खराब : हरदा

## पूर्व सीएम हरीश रावत ने अल्मोड़ा में की प्रेस वार्ता




अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने यहां पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक के कैम्प कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा सरकार में बेलगाम महंगाई से जनता पूरी तरह त्रस्त है। दैनिक उपभोग की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं जिससे मध्यमवर्गीय एवं गरीब वर्ग के लिए अपने परिवार का पालन पोषण करना तक मुश्किल हो रहा है। पेट्रोल,डीजल,घरेलू गैस सिलेंडर, खाद्यान्न सहित एवं दवाइयों के मूल्य आसमान पहुंच चुके हैं।इसके साथ ही युवा इस सरकार की नीतियों से बेहद खिन्न हैं।नौकरी के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षाएं लगातार निरस्त हो रही हैं जिससे युवा वर्ग में भारी निराशा है करोड़ों रोजगार देने का वादा करने वाली भाजपा सरकार में आज युवा बेरोजगार भटक रहा है और अवसाद का शिकार होरहा है उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार में विकास कार्य अवरूद्ध हैं।सड़कों की स्थिति बेहद खराब है बरसात के इस मौसम में सड़के जलमग्न हैं उन्होंने कहा कि सरकार की सबसे बड़ी विफलता है कि पदों को निकालने के बाद भी सरकार परीक्षा करवाने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि अंशकालिक शिक्षक,उपनल कर्मचारियों की समस्याओं का यह सरकार समाधान करने में विफल साबित रही है। पुरानी पेंशन योजना पर मौन रहकर यह सरकार कर्मचारियों को बैचेन करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों में जिस तरह से हमने पुरानी पेंशन योजना लागू की उसी तरह भविष्य में इसे अन्य राज्यों में भी लागू किया जाएगा उन्होंने कहा कि महंगाई बढ़ाने के साथ ही भाजपा सरकार ने जल मूल्य, विद्युत मूल्य,भवन कर बढ़ाकर जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का काम किया है।श्री रावत ने कहा कि हम उत्तराखंड की सड़कों को बेहद चकाचक हालत में छोड़कर गये थे लेकिन आज सड़कों की हालत देखकर ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार ने सड़कों की ओर कोई ध्यान ही नहीं दिया।इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने श्री बिट्टू कर्नाटक द्वारा अपने व्यक्तिगत संसाधनों से युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए चलाई जा रही मुहिम,युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए लगातार ग्रामसभाओं में बांटे जा रहे क्रिकेट किट,फुटबाल किट एवं वालीबाल किट के लिए उनकी पीठ थपथपाई तथा इस मुहिम को जारी रखने की बात कही।प्रेसवार्ता में पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक, देवेन्द्र प्रसाद कर्नाटक रोहित शैली,गौरव अवस्थीदीपक पोखरियाभूपेन्द्र भोज,रवि रौतेला,प्रकाश मेहता, हेम जोशी, विनोद काण्डपाल, हिमांशु अधिकारी, सुमित बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

## प्रकाश गुरपुरब पर निकाली प्रभातफेरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सिखों के आठवें गुरु श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब जी के प्रकाश गुरपुरब के उपलक्ष्य में आज प्रात: प्रभातफेरी गुरुद्वारा श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब जी रामपुर रोड गली नम्बर 6 से शुरू हुई। प्रभातफेरी रामपुर रोड गली नंबर 8, 9, विष्णुपुरी, बरेली रोड होते हुए गुरुद्वारा रामपुर रोड गली नंबर 6 पर समाप्त हुई। बारिश के बीच शबदी जत्थों के रूप में संगत का उत्साह देखते ही बनता था। संगत ने दुख भंजन तेरा नाम जी और ठाकुर गाइये गाइये आत्म रंग आदि शबदों का गायन किया। अनेक स्थानों पर संगत ने प्रभातफेरी पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। अंत में मुख्य सेवादार अमरीक सिंह ने आयी संगत का धन्यवाद किया।



मनप्रीत सिंह सेठी ने बताया इसी आगामी 14 जुलाई को शाम 7 से 10:30 बजे तक गुरमत समागम का आयोजन होंगा। 15 जुलाई दिन शनिवार को सुबह 9 से 2 बजे तक विशेष गुरमत समागम होंगे। जिसमें ज्ञानी योगेन्द्र सिंघ पारस, गुरुद्वारा बंगला साहिब दिल्ली वाले एवं बीबी कवलजीत कौर, शाहबाद से आये पंथ के महान कीर्तनिये एवं प्रचारक गुरबाणी विचार एवं गायन से संगत को निहाल करेंगे। प्रभातफेरी में रंजीत सिंह, बलजीत सिंह, गुरचरण सिंह, जसलिन कौर, जसनित सिंह, गुनीत कौर, गुरप्रीत कौर, हरप्रीत कौर, पुष्पिंदर कौर, अमरजीत कौर, मंजीत सिंह, हरविंदर सिंह, भुप्रीत सिंह, रवि, प्रिंस, लकी, दलजीत, रसनित, इंदरपाल, आशु, अमन,जसप्रीत सिंह, सुरिंदर सिंह आदि ने सहयोग किया।

## एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों को दिये 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम के रेड अलर्ट के चलते एसएसपी द्वारा जिले के सभी पुलिस अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक कर अलर्ट रेन के साथ ही कई निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा सभी थाना प्रभारी 24 घंटे अलर्ट और प्रो एक्टिव मोड में रहेंगे। किसी भी घटना की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस बल के साथ समुचित सुरक्षा उपकरणों को लेकर त्वरित कार्यवाही करेंगे। एसएसपी ने कहा कि पहाड़ी तथा नदी नालों वाले क्षेत्रों की थाना पुलिस लगातार मूवमेंट में रहें। स्थानीय लोगों को चेतावनी जारी करते रहें। रात्रि के समय पहाड़ी क्षेत्रों में आकस्मिक सेवा को छोड़कर अन्य कोई भी वाहन मूवमेंट न करें इसका ध्यान रखा आर। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिनिधियों, ग्राम प्रधान, ग्राम प्रहरियों से संबंधित क्षेत्रीय स्थिति की जानकारी ज्ञात करते रहें। किसी भी प्राकृतिक घटना की सूचना मिलने पर त्वरित रेस्क्यू कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि समुचित आपदा उपकरणों को तैयारी हालत में रखें। संबंधित विभागों से हर समय समन्वय बनाए रखें। जनपद के पुलिस कंट्रोल रूम तथा आपदा कंट्रोल रूम से लगातार संपर्क में रहें। सूचना का त्वरित आदान प्रदान करें। मार्गों के क्षतिग्रस्त होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों कंट्रोल रूम को अवगत कराएंगे। किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सरकारी मोबाइल और अन्य संपर्क साधनों को सुचारू स्थिति में रखेंगे।



## ट्रकों से डीजल चोरी करने वाला बरेली से किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंडी क्षेत्र में खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस टीम ने बरेली से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 22 जून को मनोज तिवारी पुत्र हरीश चन्द्र तिवारी निवासी हरिपुर पूर्णानन्द तीनपानी बरेली रोड द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गई कि अज्ञात चोरों द्वारा उसके ट्रक संख्या यूके 04 सीए 8890 का डीजल टंकी का लॉक ढक्कन तोड़कर 72 लीटर डीजल चोरी कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर कोतवाली में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना उप निरीक्षक गुलाब सिंह कंबोज चौकी प्रभारी मंडी के सुपुर्द की गई। वाहनों से डीजल चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किए जाने हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई। उनि गुलाब सिंह कम्बोज के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आस- पास के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया। जिसके बाद डीजल चोरी की घटना के प्रकाश में आए अभियुक्त अभियुक्त नदीम पुत्र अख्तर हुसैन निवासी फाइक इंकलेव थाना बारादरी जिला बरेली को तत्काल बरेली से गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से चोरी किये गये तेईस लीटर डीजल को बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त नदीम पूर्व में भी कई बार तेल चोरी में जेल जा चुका है। पुलिस टीम में उनि गुलाब सिंह कम्बोज चौकी प्रभारी मण्डी, कानि अरूण राठौर व पवन कम्बोज शामिल थे।



## डीएम ने शिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर की बातचीत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।सीएम हैल्प लाइन पर प्राप्त समस्याओं/शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जिला कार्यालय से विभिन्न शिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर वार्ता की। नवीन सिंह कन्याल ने ग्राम पंचायत दिया में 500 मीटर सड़क, ग्राम देवरी में 400 मीटर सड़क निर्माण, ग्राम पंचायत गांगी में 400 मीटर सड़क निर्माण कार्य सीएम घोषणा से कराने की मांग की थी, जिलाधिकारी ने श्री कन्याल से दूरभाष पर वार्ता करते हुए सीएम कहा कि किसी योजना या निधि में शामिल कर, शीघ्रता से निर्माण कराने की कोशिश की जायेगी। तहसील रूद्रपुर के भगवानपुर निवासी अजय कुमार आर्य ने शिकातय दर्ज कराई कि उनके रिटायर्ड पिता के इलाज सम्बन्धी बिल विभाग में ससमय प्रस्तुत किये गये थे, परन्तु उनका अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि बिल भुगतान हेतु प्रकरण शासन को भेज दिया गया है, कार्यवाही गतिमान है। उन्होंने सीआरए को पुन: शासन में पत्राचार करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सीएम हैल्पलाइन के सभी एल–1 अधिकारियों को निर्देश दिये एल–1 स्तर की समस्याएं एल–1 स्तर पर ही समयबद्धता से समाधान हों और शिकायतकर्ता से भी फीड बैक अवश्य लिया जाये।



## ग्राम नोसर में सात परिवारों को राजकीय विद्यालय में किया शिफ्ट

खटीमा(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में उप जिलाधिकारी खटीमा रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में संभावित आपदा एवम खतरे के दृष्टिगत ग्राम नोसर में 7 परिवारों को राजकीय विद्यालय में शिफ्ट किया गया है, जिनके रहने, खाने की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई है, इसके साथ ही दाढांकी में एक परिवार का सामान शिफ्ट किया गया है। अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह ने विकासखंड खटीमा के बाढ़ संभावित क्षेत्रों, दाढांकी, नौसर कुटरा, प्रतापपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने दाढांकी में नदी द्वारा किए गए अल्प कटान को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बोरे लगवाए गए तथा अतिरिक्त बोरों की भी व्यवस्था कराई गई। उन्होंने विकासखंड सितारगंज के अंतर्गत भी बाढ़ संभावित क्षेत्र उकरोली आदि का भी निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान महत्वपूर्ण दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बताया कि नदी किनारे रहने वालों को अलर्ट किया गया है तथा सभी बाढ़ चौकियां एक्टिव हैं। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार सभी एसडीएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी बाढ़ संभावित क्षेत्रों पर नजर रखे हुए है।



## मीना शर्मा ने किया शोक व्यक्त

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने मंगलवार को रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान श्रीमती शर्मा ग्राम छतरपुर पहुंची, जहां उन्होंने पूर्व प्रधान अरविंद मौर्या की माता के देहांत के बाद उनके परिजनों से मुलाकात की, और शोक व्यक्त किया। इसके बाद श्रीमती शर्मा ग्राम अलखदेवी पहुंची, जहां उन्होंने कांग्रेस नेता गुलशन की माताजी के निधन के उपरांत उनके परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया। इसके बाद श्रीमती शर्मा भूरारानी पहुंची जहां उन्होंने कांग्रेस नेता हेमंत कालड़ा से मुलाकात की, और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। श्रीमती शर्मा इस दौरान रुद्रपुर पोस्टमार्टम हाउस भी पहुंची, जहां आजाद नगर में चिकित्सक की लापरवाही से गर्भवती महिला की हुई मौत के बाद शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। यहां से श्रीमती शर्मा अग्रसेन अस्पताल पहुंची, जहां उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल रवि और उनके परिजनों से मुलाकात की, उन्होंने डॉक्टर नवीन अग्रवाल से घायल रवि का अच्छे से अच्छा इलाज करने का आग्रह किया। इस दौरान श्रीमती शर्मा के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश पंत, कांग्रेस नेता कमलेश गुप्ता, अनिल शर्मा,अरविंद सक्सेना सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



# डीएम ने काशीपुर अस्पताल में देखी चिकित्सा व्यवस्थाएं

काशीपुर(उद संवाददाता)। स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के दिशा जिला प्रशासन हर संभव मदद करेगा। यह बात जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय में चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक लेते हुए कही। ओटी हेतु जैम पोर्टल से 4 एसी क्रय किए जाने, मरीजों के प्रतीक्षा हॉल, कॉरिडोर के बाहर 8 पंखे लगाने, पैथोलॉजी एवम ब्लड बैंक हेतु रिजेंट्स व किट्स जैम पोर्टल के माध्यम से क्रय करने की अनुमति प्रदान की गई। बैठक मे जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रस्तुत किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने हिदायत देते हुए कहा कि बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण में विशेष सावधानी बरती जाए। बैठक के पश्चात जिलाधिकारी ने चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों के निरीक्षण के दौरान वार्डों में भर्ती मरीजों कारी विनोद कुमार, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.राजीव पुनेठा, चीफ फार्मेसिस्ट आरसी आर्य, सहायक नर्सिंग अधीक्षिका जॉय लॉयल, फार्मेसिस्ट हरीश जोशी आदि उपस्थित थे। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने मधुवन नगर पहुंचकर ढेला नदी से हो रहे भूख्रकटाव का मौका





बैठक में समिति द्वारा 17 मदों में 26824490 रुपए के बजट का अनुमोदन किया गया। समिति द्वारा चिकित्सालय में आने वाले मरीजों एवम उनके परिजनों के बैठने की समुचित व्यवस्था हेतु तीन सीटर 15 बेंचे लगाने, अल्ट्रासाउंड मशीन हेतु ट्रेकर के लिए कोटेशन लेने तथा अल्ट्रासाउंड, बर्न वार्ड एवम जनरल चिकित्सालय में तैनात डाटा एंट्री ऑपरेटर का मानदेय बढ़ाने हेतु औचित्यपूर्ण व तुलनात्मक प्रस्ताव बनाकर आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाए और चिकित्सालय में 2 बहुद्देशीय कर्मी की आउटसोर्स से तैनाती हेतु विभिन्न पहलुओं पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए आगामी बैठक में तथा तीमरदारों से उनका हालचाल जाना और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं, सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बैठक में मेयर ऊषा चौधरी, सांसद प्रतिनिधि पीएस नेगी, एसीएमओ डॉ.हरेंद्र मलिक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.खेमपाल, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार यूसुफ अली, उप कोषाधि मुआयना किया। उन्होंने भूख्रकटाव रोकने एवम स्थायी समाधान हेतु आपदा मद में कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिशासी अभियंता सिंचाई को दिए। निरीक्षण के दौरान पूर्व पार्षद अब्दुल कादिर, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार यूसुफ अली सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस अभिरक्षा से फरार बदमाश बरेली में दबोचा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पिछले दिनों जिला चिकित्सालय से पुलिस अभिरक्षा से फरार हुआ मुजरिम संजू उर्फ रघु आखिरकार बरेली में पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उस पर एसएसपी ने पचास हजार का ईनाम घोषित किया था। उसके गिरफ्तार करने के लिए 8 टीमें लगाई गई थी। बता दें चार जुलाई की शाम को ट्रांजिट कैंप निवासी अंशू रस्तोगी और संजय कुमार ने सिडकुल और मेट्रोपोलिस क्षेत्र में तीन महिलाओं से छीनाझपटी कर उनके पर्स, आभूषण और मोबाइल छीने थे। देर रात आरोपियों को पकड़ने के लिए सिडकुल पुलिस सिडकुल चौक पर तैनात थी। इस दौरान तेज रफ्तार बाइक सवारों ने सिडकुल चौकी में तैनात दरोगा मोहन भट्ट



पर बाइक चढ़ा दी थी, जिसमें उनकी दोनों टांग टूट गईं। आरोपी भी चोटिल हुए थे। पुलिस ने आरोपियों को सुरक्षा के बीच जिला अस्पताल में भर्ती कराया था लेकिन छह जुलाई की सुबह आरोपी संजय पुलिस को चकमा दे कर फरार हो गया था। इसके बाद एसएसपी ने फरार आरोपी पर 25,000 का इनाम रख कर उसकी तलाश में एसओजी सहित नौ टीम लगा दी थी। मंगलवार को आईजी नीलेश आनंद भरणे ने इनामी राशि बढ़ा कर 50,000 कर दी। इस दौरान 42 पुलिसकर्मी उसकी तलाश में लगे थे। पुलिस ने उसकी तलाश में करीब 500 सीसीटीवी खंगाले और कई लोगों से पूछताछ की। प्रदेश के अलावा यूपी के कई जिलों में दबिश दी। मंगलवार को पुलिस ने बरेली में स्टेशन रोड से संजय को गिरफ्तार किया। इस दौरान संजू ने पुलिस को बरेली में भी खूब छकाया। पुलिस से बचने के लिए वह एक छत से भी कूद गया। लेकिन पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार उसे दबोच लिया। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि बुधवार को आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया जाएगा। इसके अलावा संजय और उसके साथियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

# जेआईई प्री स्कूल के नए भवन का हुआ शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति के नैतिक मूल्यों पर आधारिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित शिक्षा क्षेत्र की अग्रणी अंतरराष्ट्रीय कंपनी जेआईई स्कूलस एशिया की जवाहर नगर एशिया कंपनी की निदेशक श्रीमती प्रियंका कुलश्रेष्ठ ने रिबन काट के एवं और सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलन कर स्कूल का विधिव तउद्घाटन किया। जवाहर नगर शाखा के निदेशक जितेंद्र सिंह एवं संगीता सिंह ने शिक्षक एवं गई यह शाखा सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही है। इस अवसर पर जे. आई.ई स्कूल्स एशिया कंपनी की निदेशक श्रीमती प्रियंका कुलश्रेष्ठ एवं सभी अतिथियों ने मिलकर जितेंद्र सिंह एवं संगीता सिंह को नए भवन के लिए फॉरेंसिक साइंस लैब रुद्रपुर के संयुक्त निर्देशक डा. दयाल शरण ने स्कूल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में जितेंद्र सिंह द्वारा किए जा रहे इस प्रयास को सराहा एवं कहा कि वास्तव में जेआईई प्री स्कूल क्षेत्र के





शाखा के नए भवन का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. दयाल शरण, श्रीमती डॉ. रेनूशरण, ग्राम प्रधान श्रीमती दीपा कांडपाल, रे फाउंडेशन के चेयरमैन कौशल कुमार एवं जे.आई.ई स्कूलस शिक्षिकाओं के साथ ने अतिथियों तिलक लगाकर का स्वागत किया एवं स्कूल के उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने कहा जवाहर नगर क्षेत्र के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा देने के उद्देश्य से 2012 में शुरू की जेआईई प्री स्कूल फ्रेंचाइजी संबद्धता प्रमाण पत्र प्रदान किया। स्कूल प्रबंधन ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अभिभावकों के सपनों को साकार करने में एक मील का पत्थर साबित हो रहा हैं। इस अवसर पर राजेश सिंह, सुनीता सिंह, मनीषा सिंह, नागेश दुबे, हरीश पाठक के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# फसल बीमा प्रचार वाहन को सीडीओ ने दिखाई हरी झण्डी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।विकास भवन परिसर से मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन जनपद के विभिन्न विकासखण्डों में जाकर योजना का प्रचार-प्रसार करेगा। आधार पर ओलावृष्टि, सूखे की स्थिति, भूस्खलन, बादल का फटना एवं आकाशीय बिजली एवं अन्य प्राकृतिक आपदा से हुई फसल क्षति की भरपाई की जा सकती है। क्षति होने पर कृषक बीमा कम्पनी, कृषि विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों को 72 घण्टे



मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद के कृषकों से अपील की गयी कि अधिक से अधिक कृषक अपनी फसल का बीमा करायें। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ० अजय कुमार वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में बीमा की प्रीमियम 1958.44 प्रति हैक्टर की दर से है। इस योजना ऋणि एवं अऋणि दोनो कृषकों द्वारा अपनी फसल का बीमा कराया जा सकता है। योजना के अन्तर्गत व्यक्तिगत के अन्दर सूचित करेगा, इसके पश्चात् बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि कृषि विभाग, राजस्व विभाग की संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर फसल क्षति का आकलन करते हुए कृषक को क्षति पूर्ति का भुगतान किया जायेगा। प्रचार वाहन की रवानगी के मौके पर मुख्य कृषि अधिकारी डॉ0 अजय कुमार वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी, भावना जोशी, बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

श्री बांके बिहारी की कृपा से
श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा
दिनांक-30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक
● AC वाल्वो बस ● विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
● भोजन की सुविधा ● ठहरने की उचित व्यवस्था
प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये
यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्धालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।
सम्पर्क करे-7248133444,8476003072

# सिटी मजिस्ट्रेट ने किया गौला पुल का निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारी बरसात के चलते कुमाऊं के सभी जिले और नेपाल को जोड़ने वाले गौला पुल का पुस्ता धस गया है। जो कभी भी बड़े हादसे को दावत दे सकता है। क्योंकि पहाड़ों में लगातार बारिश हो रही है और गौला नदी का जलस्तर भी बढ़ रहा है। ऐसे में प्रशासन, पुलिस और एनएच के अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। आनन फानन में गत देर शाम गौला पुल का सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, सीओ भूपेंद्र धोनी, एसओ बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, एसओ काठगोदाम प्रमोद पाठक समेत एनएच के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से



निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि गौला पुल का पुस्ता ऊपर से डैमेज हो गया है। जिसमें काफी गैपिंग आ गई है। ऐसे में प्रशासन द्वारा तत्काल पुस्ते में गैप को भरने के निर्देश एनएच के अधिकारियों को दिए गए हैं।सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया पुल के गैप को तत्काल भरने के निर्देश उनके द्वारा दिया गया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। पुल को किसी भी प्रकार से कोई खतरा नहीं है। लेकिन जो भी गैप दिख रहा है उसे आज रात में ही एनएच के द्वारा भर लिया जाएगा। आपको बता दें अक्टूबर 2021 में आई दैवीय आपदा में गौला पुल का यह पुस्ता टूट गया था। जिसके बाद इसकी मरम्मत की गई थी। वही पुस्ता दोबारा गौला नदी के कटाव से धसने लगा है, गौला पुल की तरफ आ रहे पानी को डाइवर्ट करने के लिए स्टेडियम की तरफ जेसीबी और पोकलैंड मशीन लगाई गई है जिसका सिटी मजिस्ट्रेट एवं सीओ ने निरीक्षण किया और वहां पर काम कर रहे कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए।

# भाजपा महिला मोर्चा ने आयोजित की टिफिन बैठक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला मोर्चा भाजपा बाजपुर मंडल द्वारा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उमा जोशी की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि अनमोला शर्मा की उपस्थिति में मोटे अनाज पर टिफिन बैठक आयोजित की। जिसमें सभी महिला मोर्चा की कार्यकर्ता अपने घर से टिफिन बनाकर लेकर आई व आपस में मिलजुल कर मक्के की रोटी, भट्ट की पूड़ी चुटकानी कुट्टू की पूड़ी, डूवके, भटिया गेहूं का दलिया, कुट्टू की पकौड़ी, चने का हलवा, पंजीरी के लड्डू आदि भिन्न-भिन्न व्यंजन बनाकर खाया। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उमा जोशी ने कहा कि मोटा अनाज डायबिटीज और हार्ट पेशेंट के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है तथा रक्त की कमी को दूर करता है। मोटे अनाज को प्रधानमंत्री ने श्री अन्न का नाम दिया है। मुख्य



अतिथि अनमोला शर्मा ने कहा कि मोटा अनाज हीमोग्लोबिन बढ़ाता है और रक्त की कमी को दूर करता है। बच्चों और किशोरावस्था में कुपोषण को खत्म करने में मोटे अनाज काफी मददगार होते हैं। क्योंकि इसमें प्रतिरक्षा और स्वास्थ्य में लाभ मिलता है। कार्यक्रम संयोजक मंडल अध्यक्ष पूजा जिंदल ने कहा कि पुरानी पीढ़ियों में मोटा अनाज पोषण का एक अंग था। लेकिन अब मोटे अनाज का प्रयोग ना करने की वजह से बीमारियां बढ़ती जा रही है। इसलिए सभी मोटे अनाज का अधिक से अधिक सेवन करें। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री चंद्रिका फौगाट ने किया। कार्यक्रम में उर्मिला कांडपाल, सरिता शर्मा, बबली ,संदीप कुलदीप, कंचन, विमला, सीमा, रूबी, शीतल मधु, मुस्कान, सीमा, सोनम आदि मौजूद रही।

# लाईफस्टाईल फॉर एनवायरनमेंट को अभियान के रूप में आगे बढ़ाने की जरूरत: राज्यपाल

देहरादून/नई दिल्ली (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को नई दिल्ली में सेटकोम इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एसआईए) द्वारा आयोजित इंडियन स्पेस काँग्रेस के ''सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए अंतरिक्ष की पुर्नकल्पना'' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि भारत ने विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में अनेकों होनहार वैज्ञानिकों को जन्म दिया है और निरंतर इस क्षेत्र में प्रगति की है, और ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवा एवं लगनशील वैज्ञानिकों के लिए नए अवसरों के द्वार भी खुलते हैं। उन्होंने कहा कि स्पेस रिसर्च के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, मौसम और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए जा सकते हैं जो वर्तमान में गतिमान हैं। राज्यपाल ने कहा कि यह कार्यक्रम हमारे लिए अंतरिक्ष अन्वेषण, उपग्रह प्रौद्योगिकी और



वैज्ञानिक उत्कृष्टता में हमारी उपलब्धियों को उजागर करने का स्थान है। यह ज्ञान को आदान-प्रदान करने, सहयोग बनाने और नए विचारों को जगाने के लिए विविध विषयों के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों और दूरदर्शी लोगों को एक साथ लाता है जो अंतरिक्ष अन्वेषण के भविष्य को परिभाषित करेगा। राज्यपाल ने इस कार्यक्रम में सहयोग कर रही भारतीय अंतरिक्ष संस्था इसरो को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में इसरो का योगदान अभूतपूर्व होने के साथ-साथ पूरे विश्व के लिए एक नजीर है। उन्होंने कहा कि भारत के मंगलयान और चंद्रयान मिशन विश्व की सभी अंतरिक्ष संस्थाओं के लिए प्रेरणास्रोत बने हैं। राज्यपाल ने कहा कि सतत विकास आज के समय की जरूरत है। सतत विकास विभिन्न सीमाओं से परे जाकर मानव विकास, मूल्यों और संस्कृतियों में अंतर को दूर कर एक साथ सभी के विकास के लिए कार्य करता है। कई मौकों पर प्रधानमंत्री ने भी दुनिया के सामने एक शब्द का प्रस्ताव रखा है, और वह है लाईफ जिसका अर्थ है लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट। आज हम सभी को एक साथ आकर लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट को एक अभियान के रूप में आगे बढ़ाने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड प्राकृतिक आपदा हेतु संवेदनशील राज्य है, और टेक्नोलॉजी के माध्यम से ना सिर्फ आपदा को रोकने अपितु राहत कार्यों में भी बहुत सफलता मिलती है। टेक्नोलॉजी के माध्यम से जान माल की हानि को रोका जा सकता है, साथ ही सही समय पर सही जानकारी के माध्यम से समय की बचत भी होती है। उन्होंने कहा हम उत्तराखण्ड में इन्हीं प्रयोगों के माध्यम से लोगों की सहायता कर रहे हैं। राज्यपाल ने इंडियन स्पेस कांग्रेस के सभी घटकों को उत्तराखण्ड में आकर कार्य करने का न्योता भी दिया। इस अवसर पर सीएमडी अनंत टेक्नोलॉजीज एवं अध्यक्ष एसआईए-इंडिया डॉ. सुब्बा राव पावुलुरी, सीएमडी एनएसआईएल श्री राधाकृष्णन दुरईराज, नीदरलैंड अंतरिक्ष कार्यालय प्रमुख श्री थॉमस ब्लीकर, सचिव कृषि और किसान कल्याण मनोज आहूजा, सदस्य नीति आयोग डॉ. वीके सारस्वत, महानिदेशक एसआईए-इंडिया श्री अनिल प्रकाश आदि उपस्थित थे।




# गरीबों को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए लगेंगे शिविर

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भारत सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी जो उत्तराखंड की अब तक कि सबसे बड़ी सरकारी योजना जो रुद्रपुर के बागवाला क्षेत्र में स्वीकृत हुई है ,लंबे से समय से प्रकिया में थी, वही अब गरीबों के सपने को पंख लगते नजर आ रहे हैं जो गरीब को उनके आशियाना मिले इसको अमलीजामा पहनाने का कार्य धरातल पर शुरू हो गया है, जिसके जनजागरण ओर पात्र को उसका लाभ मिले इसके लिये विकास भवन सभागार जिला विकास प्राधिकरण द्वारा नगर निगम पार्षदों के साथ बैठक आहूत की गई। जिसमें विधायक शिव अरोरा और मेयर रामपाल सिंह भी शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने बताया कि योजना की पात्रता के लिए 2015 से पूर्व के उत्तराखण्ड में निवास का प्रमाण पत्र उसमे पहचान पत्र, बैंक पासबुक, स्थाई निवास,राशन कार्ड और जिसके परिवार की कुल आये तीन लाख वार्षिक हो साथ ही भारत सरकार के पीएमएवाईएमआईएस पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य रूप से करना है। पूरे भारत वर्ष में कही भी पक्का मकान ना हो इसके लिये जिला विकास प्राधिकरण के समक्ष शपथ पत्र जैसी पात्रता पूर्ण करने वाला ही इस योजना के लिये योग्य माना जायेगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा यह हम रुद्रपुर वासियों के लिये गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे महत्वकांक्षी जिसके निमित पूरे भारत वर्ष के हर राज्य में गरीब के अपने पक्के घर का सपना पूरा करने कार्य किया जा रहा है इसकी ही तर्ज पर इस योजना को रुद्रपुर व इसके आस पास के लोगो को इसका लाभ मिलने जा रहा है , विधायक ने कह कि हमको भी अपने आस पास पात्र लोगो को इस योजना के लिये अवगत करवाना चाहिए जिससे अधिक से अधिक गरीब लोगों को इसका लाभ मिले, हम जल्द ही हर वार्ड में प्राधिकरण के माध्यम से इसके कैम्प लगवाने वाले हैं। इस आवास योजना में 2.5 लाख तक कि सब्सिडी सरकार वाहन करेगी वही लाभार्थी को 3.5 लाख का भुगतान करना होगा जिसके लिये बैंक लोन का प्रवधान भी रखा गया है। विधायक शिव अरोरा ने कहा



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अथक प्रयास से रुद्रपुर को उत्तराखंड की सबसे बड़ी योजना मिलने जा रही है, हमको इस योजना के लाभ के लिये अधिक से अधिक लोगो के बीच चर्चा करने की आवश्यकता है जिससे बागवाला क्षेत्र में बनने वाली प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सके। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि आवास हीनों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना सबसे बड़ी सौगात है। इसका लाभ क्षेत्र के हर जरूरतमन्द गरीब पात्र परिवार को मिले यह हमारा प्रयास है। उन्होंने पार्षदों से कहा कि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए अपने स्तर से प्रयास करें। मेयर ने कहा कि सरकार जितनी भी योजनाएं चलाती है उनके पीछे ये उद्देश्य रहता है कि इनका लाभ सही लोगों तक पहुंच पाए। मुफ्त व सस्ता राशन, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाएं, पेंशन, बीमा समेत कई अन्य तरह की योजनाएं सरकार द्वारा जरूरतमंद और गरीब वर्ग के लिए चलाई जाती है। इन्हीं में एक योजना है प्रधानमंत्री आवास योजना। इस योजना के अंतर्गत जिनके पास कच्चे मकान हैं, उन लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सके इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों को अपने-अपने वादों में इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ गरीब लोगों को दिलवाने के लिए संयुक्त रूप से कोशिश करनी पड़ेगी। उन्होंने जिला विकास प्राधिकरण के सचिव से कहा कि वार्डो में कैंप लगाकर इस महत्वकांक्षी योजना का प्रचार प्रसार करें ताकि गरीब लोगों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष हरीश कांडपाल, सचिव प्राधिकरण एन नबियाल, एसडीएम मनीष बिष्ट, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह: कोली, किरण राठौर, पार्षद,मोहन खेड़ा, मोहन कुमार,सुशील मण्डल, राजेश जग्गा, रमेश कालड़ा, सुनील बाल्मीकि, विधान रॉय, निमित शर्मा,मोनू निषाद, कैलाश राठौर, मयंक कक्कड़, बिट्टू मिश्रा, रामकिशन, सुशील चौहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# डीएम ने आपदा प्रभावित परिवार को सौंपा आर्थिक सहायता का चौक

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने मंगलवार की पूर्वाहन में काली नदी के तेज बहाव से धारचूला के ग्राम रांथी तोक खोतिला में हसरत कुरैशी के ध्वस्त हुए भवन का स्थलीय निरीक्षण किया तथा आपदा प्रभावितों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। जिलाधिकारी ने आपदा प्रभावित हसरत कुरैशी को मौके पर ही रुपए 1 लाख 30 हजार की राहत राशि चेक एवं रुपए 5 हजार की अहेतुक राशि का चौक प्रदान किया। वहीं 14 लोगो को राशन किट वितरित किये। इस दौरान प्रभावितों ने खोतिला क्षेत्र में तटबन्ध निर्माण की मांग जिलाधिकारी से की। वहीं बताया कि काली नदी मे नेपाल देश की तरफ अत्यधिक मात्रा में मलवा पड़ा रहने के कारण नदी के जल का तेज बहाव खोतिला की ओर आने से खोतिला क्षेत्र में भू- कटाव हो रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने प्रभावितों को आश्वस्त किया कि खोतिला क्षेत्र में सिंचाई विभाग द्वारा तटबंध आदि सुरक्षात्मक कार्य प्रस्तावित हैं इसके संबंध में आगामी 14 जुलाई को शासन में बैठक प्रस्तावित है। वहीं उन्होंने कहा कि काली नदी में नेपाल देश की ओर से मलबा हटाये जाने को लेकर इसी माह में शीघ्र ही नेपाल देश के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जायेगी। इस दौरान ग्राम खोतिला के ग्रामीणों द्वारा मुख्य सड़क मार्ग से ग्राम खोतिला को जाने वाले पैदल मार्ग की मरम्मत एवं खोतिला में घटखोला नाले में ब्रिज के शीघ्र निर्माण की मांग भी की गयी। जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी दिवेश शाशनी को निर्देश दिये कि पैदल मार्ग की मरम्मत शीघ्र ही लोक निर्माण विभाग अथवा ग्रामीण निर्माण विभाग के माध्यम से करवाई जाय। उन्होंने ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिकारी को खोतिला ब्रिज का निर्माण शीघ्र शुरू करने तथा उप जिलाधिकारी धारचूला को आपदा प्रभावितों के लिए चिन्हित शेल्टर होम का स्थलीय निरीक्षण कर सफाई आदि व्यवस्थाओं को देखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बीआरओ के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण के कारण जो भवन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं अथवा खतरे की जद में आ रहे हैं उनकी मरम्मत एवं सुरक्षात्मक कार्य तत्काल कर दिये जाये। उन्होंने बीआरओ के अधिकारी को सड़क मार्ग के मलवे को उचित तरीके से डंप किए जाने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से एलधारा क्षेत्र के ट्रीटमेंट कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, ईई सिंचाई फरहान खान आदि उपस्थित थे।



# महिलाएं शिक्षित और आर्थिक रुप से सक्षम होंगी तो नहीं होगा भेदभाव: ज्योति

रानीखेत( उद संवाददाता) ।रानीखेत क्लब में महिला उमंग उत्पादक संगठन की वार्षिक आम सभा का शुभारंभ राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने दीप जलाकर किया। मौके पर महिला उत्पादक समूहों को संबोधित करते हुए उन्होनें कहा कि महिलाएं ही पहाड़ की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है जिसको हर समय महिलाओं ने साबित करके भी दिखाया है। आज महिला समूहों के जरिए लगातार आत्मनिर्भर हो रही हैकई महिलाओं ने मिसाल कायम कर राज्य में ही नहीं देश में नाम रोशन किया है। पहाड़ में काम करने वालों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं है समूह बनाकर सिलाई बुनाई, मधुमक्खी पालन, फल उत्पादन, जैविक खेती, पशुपालन आदि स्वरोजगार कर सकते है। कई महिलाएं ऐपण, पिरुल, चीड़ के बकेट पर कार्य कर रही हैं। भांग के रेशों बिच्छू घास से नएनए उत्पाद तैयार हो रहे हैं। तकनीकी और बाजार सरकार दे रही हैअब तो आनलाइन शापिंग ने बाजार की दिक्कत भी दूर कर दी है। कई उद्यमी महिलाएं ऐसी है जो अपने उत्पादों को आनलाइन बेच रही है और अच्छा मुनाफा कमा रही है। हवालबाग स्थित रुरल बिजनेस इंक्यूबेटर आपको अपना उद्यम खड़ा करने में पूरा सहयोग कर रहा है। उसकी मदद आप लोग ले सकते है आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने कह कि अगर महिला को शिक्षित और आर्थिक रुप से समक्ष कर दिया जाए तो उनके साथ होने वाला भेदभाव खत्म हो जाएगा। वह स्वयं ही पुरुषों से कंधा मिलाकर नहीं उनसे आगे निकल जाएंगी। इसलिए जहां भी मैं जाती हूं महिलाओं से शिक्षा पर जोर देती हूं। बेटियों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती हूं। कार्यकम में हिमालयन ग्रास रूट फाउंडेशन के संस्थापक अनीता पॉल, कल्याण पॉल, उद्यान अधिकारी बीएस बिष्ट एसएसबी के डिप्टी कमांडर कमलेश जोशी सहित कई महिला समूहों की महिलाएं मौजूद थी।






# दबंगों के खिलाफ एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जबरन जमीन कब्जाने और विरोध करने पर मारपीट एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं होने पर पीड़ित पक्ष के लोगों ने एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर मामले में शीघ्र कानूनी कार्रवाई की मांग की। शांतिपुरी नंबर चार निवासी हंसा देवी पत्नी गोविंद राम के साथ पहुंचे शांतिपुरी के लोगों ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर सांकेतिक प्रदर्शन किया और दबंगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। एसएसपी को दिये ज्ञापन में हंसा देवी ने बताया कि नौ जुलाई को पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों ने घर के सामने स्थित उसकी खाली जमीन पर ट्रैक्टर बुलाकार उसकी जुताई करवा दी और उसमें जबरन बीज भी बो दिये। मना करने पर उक्त लोग घर में घुस आये और गाली गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और मारपीट की। मारपीट में उसे गुम चोटें आयी है। घर में बुजुर्ग सास व ससुर से भी हाथापायी की गयी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि मामले की सूचना पंतनगर थाना पुलिस को दी गयी लेकिन पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की। आरोप है कि पुलिस मामले में समझौता करने का दबाव बना रही है। पीड़ित पक्ष के लोगों ने एसएसपी से मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की।



# क्षतिग्रस्त नहरों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश

नैनीताल (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना ने मंगलवार को जिला कार्यालय नैनीताल में प्रतिदिन की जा रही विभागीय समीक्षा बैठकों के अन्तर्गत सिंचाई, उरेडा व उद्योग विभागों की सीएम घोषणा, लम्बित शिकायतों एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति के अलावा अन्य गतिविधियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सिंचाई की समीक्षा के दौरान डीएम ने अधिशासी अभियन्ता से जनपद में संचालित नहरों एवं पचास लाख से उपर की परियोजना के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए सम्बन्धित विभाग को आंवटित धन के सापेक्ष आय-व्यय एवं वर्तमान में गतिमान कार्य, संचालित नहरों, क्षतिग्रस्त नहरों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उरेडा की समीक्षा के दौरान डीएम ने परियोजना अधिकारी को निर्देश दिये हैं कि ग्राम प्रधानों एवं जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाते हुए ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों को चिन्हित करें जिन स्थानों पर संवेदनशील क्षेत्र, पर्यटन क्षेत्र, स्कूल, सार्वजनिक स्थल आदि का बड़े स्तर पर सर्वे करते हुए ऐसे क्षेत्रों की सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिनमें सोलर लाइट लगाना आवश्यक है। उद्योग की समीक्षा के दौरान डीएम ने महाप्रबन्धक उद्योग को निर्देश दिये हैं कि सम्बन्धित विभागों एवं बैंकों से समन्वय बनाते हुए अधिक से अधिक पात्र लाभार्थीयों को उद्योग से जोड़े ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सके। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को लंबित परियोजनाओं को समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में अधिशासी अभियन्ता सिंचाई अनिल वर्मा, महाप्रबन्धक उद्योग सुनील पंत, उरेडा परियोजना अधिकारी अखलेश शर्मा, अर्थ एवं संख्या अधिकारी मुकेश नेगी आदि मौजूद थे।



# रूद्रपुर के वैभव ने 12.70 लाख में खरीदा 0001 नम्बर

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। चार पहिया वाहनों में वीवीआइपी नंबर पाने की दौड़ में रूद्रपुर के युवा व्यापारी वैभव भीम छावड़ा ने नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। उन्होंने चार पहिया वाहन के लिए वीवीआईपी नंबरों में शुमार यूके06 बीजी 0001 नम्बर पाने के लिए 12.70 लाख रुपए नीलामी में लगाए और नम्बर हासिल कर लिया। गौरतलब है कि कुछ वर्षों पहले शुरू हुई आनलाइन नीलामी में हजारों लोग शामिल होते रहे हैं। रुद्रपुर एआरटीओ कार्यालय ने सोमवार को यूके बीजी सीरीज के कुछ वीवीआइपी नंबरों के लिए आनलाइन नीलामी प्रक्रिया शुरू की थी। देर रात उत्तराखंड में अब तक का सबसे महंगा नंबर यूके 06- बीजी 0001 रुद्रपुर काशीपुर बाईपास निवासी वैभव भीम छाबड़ा ने 12 लाख 70 हजार रुपये में अपने नाम करा लिया। इस सीरीज के अन्य नंबर भी हजारों व लाखों रुपये में बिके। वैभव भीम छावड़ा ने खुली नीलामी में इस नंबर के लिए अधिकतम 12 लाख 70 हजार रुपये लगाए थे। उनके सामने कोई दूसरा प्रतिद्वंद्वी नहीं था। दूसरे वीवीआइपी नंबर यूके -06- बीजी 0002 राजीव कटारिया ने 92 हजार में खरीदा, वहीं, यूके-06-बीजी- 0101 नंबर कमलेश सिंह ने 52 हजार रुपये में खरीदा। यूके-06- बीजी -7777 नंबर राकेश सिंह ने एक लाख रुपये में खरीदा। यूके-06- बीजी-0009 नंबर नवीन चंद्र ने एक लाख पांच हजार रुपये में अपने नाम आवंटित करा लिया। इसके अलावा अभिमन्यु धींगरा व मोहन खेड़ा ने भी खास नंबर अपने नाम किए। एआरटीओ प्रशासन पूजा नयाल ने बताया कि महंगा नंबर लेने पर वैभव छाबड़ा को विभाग द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जब भी वाहनों के नंबर के लिए नई सीरीज खुलती है तो नीलामी प्रक्रिया आनलाइन की जाती है। सोमवार को बीजी सीरीज खोली गई जिसमें 0001 नंबर के लिए नीलामी मूल्य एक लाख रुपए रखा गया था अंतिम तौर पर यह 12 लाख 70 हजार रुपए में बिका। इसके लिए कोई निर्धारित लक्ष्य नहीं दिया जाता।

# अवैध रूप से काटी जा रही कालोनी को सील करने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।भाजपा नेता राधेश शर्मा और और पार्षद मोहन खेड़ा के बीच छिड़ी जंग रुकने का नाम नहीं ले रही है। दोनों तरफ से सरकारी भूमि को कब्जा करने का आरोप लगाए जा रहे है। अब भाजपा भाजपा नगर महामंत्री राधेश शर्मा और वार्ड नंबर 6 के पार्षद निमित्त शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पार्षद खेड़ा पर अवैध रूप से कालोनी काटने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन में भाजपा नेता राधेश और पार्षद निमित शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता एवं पार्षद द्वारा शारदा कालोनी रूद्रपुर के सामने भूमि में अवैध तरीके से कालोनी विकसित की जा रही है, जिसको न ही विकास प्राधिकरण द्वारा रैरा से पास कराया गया है और न ही बेचे गये प्लाटों का नक्शा पास करवाया गया है। ज्ञापन में कालोनी को सील करने एवं कालोनाइजर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## पेज एक का शेष...

**उफनाई नदी में गिरी...**मंदिर और लालपुल के बीच सड़क पर कीचड़ होने के कारण उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर उफनती खोह नदी में जा गिरी। हादसे में बसी कीरतपुर बिजनौर निवासी 31 वर्षीय गुलशेर कार से छिटक गया। वह घायल अवस्था में किसी तरह सड़क तक पहुंचा और दूसरे वाहनों को रोककर घटना की जानकारी दी। सूचना पर कोतवाल मणिभूषण श्रीवास्तव पुलिस फोर्स और एसडीआरएफ को लेकर मौके पर पहुंचे। घायल गुलशेर ने बताया कि कार भनेड़ा निवासी इसरार चला रहा था। कार में इसरार के अलावा साहिल व शाहबुद्दीन निवासी ग्राम मेननशादाद व बसीम निवासी भनेड़ा मौजूद थे। रेस्क्यू टीमों ने मौके पर देर रात तक सर्च अभियान चलाया। प्रातः पुनः घटनास्थल पर गहन सर्चिंग के दौरान एसडीआरएफ टीम को नदी के बीच में एक शव दिखाई दिया। मृतक की पहचान 35 वर्षीय मौ0 इसरार पुत्र मौ0 सुकड़े निवासी- भनेड़ा, थाना- कीरतपुर, बिजनौर के रूप में हुयी है।

**दु:साहस दिन दहाड़े;...**महिला द्वारा सेफ का एक लॉकर तोड़ दिया गया था लेकिन जब महिला को उसमे कोई विशेष कीमती सामान नही मिला तो उसके द्वारा सेफ का दूसरा लॉकर तोड़ने का प्रयास किया गया। आवाज सुनकर उनकी मॉ मौके पर पहुंच गई, अन्यथा उक्त महिला लॉकर तोड़कर सारा कीमती सामान उड़ा लेती। दीपक की तहरीर पर पुलिस ने उक्त घटना की रपट दर्ज करते हुये महिला की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे से उक्त महिला के आने जाने के फुटेज प्राप्त कर लिये है। सीसीटीवी कैमरे में गली में एक टुक-टुक भी खड़ा हुआ नजर आ रहा है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि उक्त महिला टुक-टुक पर आई होगी। कालोनीवासियों का कहना है कि उक्त महिला कुछ दिन पूर्व भी गली में देखी गई थी। पुलिस द्वारा इस मामले में दीपक के घर में काम करने वाली मेड को बुलाकर उससे पूछताछ की गई, लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ उक्त महिला का कोई सुराग हाथ नही लगा है।

**केंद्र सरकार के खिलाफ...**नेताओं का आरोप है कि पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के ऊपर अनर्गल आरोप लगाए जा रहे है। सत्याग्रह पर बैठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार के दमनकारी फैसले से क्षुब्ध होकर देश व्यापी मौन सत्याग्रह किया जा रहा है। धरना स्थल पर पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप टम्टा, विधायक हरीश धामी, भुवन कापड़ी, आदेश चाहान, अनुपमा रावत, विक्रम सिंह, रवि बहादुर, पूर्व विधायक विजयपाल सजवान, राजकुमार, मथुरा दत्त जोशी, गरिमा दसौनी अमरजीत सिंह विशाल मौर्य जसविंदर गोगी लालचंद शर्मा, ज्योति रौतेला, हेमा पुरोहित, गोदावरी थापली,दीपिका पांडे,हिमांशु गावा, सीपी शर्मा, संदीप चीमा, पवन वर्मा भी मौजूद रहे।

**युवक ने फंदे...**सुबह जब वह कई बार दरवाजा खटखटाने पर भी नहीं उठा तो आस पास रहने वालेपड़ोसियों की मदद से दरवाजा को तोड़ा। अंदर देखा कि दिनेश गमछे से फंदा बनाकर उस पर लटका था। इस दौरान उसकी पत्नी भी मायके गई हुई थी। दिनेश सिडकुल में मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण किया करता था। चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी ने बताया कि आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

**सिपाही की मौत...** ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। भावना का आरोप है कि पति को प्राथमिक उपचार देने में काफी देर हो गयी थी और पूल प्रबंधन ने कोई सुरक्षा उपकरण भी नहीं दिये थे। यदि पूल प्रबन्धन द्वारा सुरक्षा उपकरण दिये होते और कर्मचारी वहाँ पर मौजूद रहते तो मेरे पति को डूबने से बचाया जा सकता था। पूल प्रबन्धन की लापरवाही से ही उक्त दुर्घटना हुयी। पुलिस ने मामले में पूल के स्वामी राजेन्द्र कालड़ा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सामिया प्रबंधन ...**के प्रबंधक सगीर खान को कर दिया गया। जब अपना फ्लैट लेने उक्त सगीर खान प्रबंधक के पास पहुंचा तो उक्त सामिया इंटरनेशनल बिल्डर्स प्रा०लि० के एजेंटस टरकाते रहे। बार बार उक्त कम्पनी के सीएमडी सगीर खान व निदेशक जमील खान से सम्पर्क करता रहा तो यह लोग पूर्व में आश्वासन देते रहे लेकिन बाद में धमकी देने लगे कि तुम हमें जानते नहीं हो, जब मेरे द्वारा पुलिस में रिपोर्ट और कोर्ट केस की बात की तो बिल्डर्स द्वारा धमकाया व जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। बता दें इससे पूर्व भी सामिया प्रबंधन के खिलाफ धोखाधड़ी के कई केस दर्ज हो चुके हैं।

**समस्याओं की अनदेखी...** उदासीन है जब भी किसी भी समस्या के लिए उनको फोन किया जाता है तो वह फोन नहीं उठाते हैं और ना ही वह कभी किसी कॉलोनी का जायजा लेने आए हैं। महिलाओं ने जिला प्रशासन से समस्याओं के निराकरण की मांग की। प्रदर्शन में रेखा देवी, लता जोशी, रीता जोशी, रीमा देवी, उर्मिला, हरदेई, चंपा देवी, सीमा, चौना देवी, प्रीति व गुड्डी आदि शामिल थी

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

काशी गार्डन

आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीवेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000